RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 345
हिसार | मंगलवार, 12 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

पोस्टर ही पोस्टर
हर तरह की कलर व ब्लैक एंड वाइट प्रिंटिंग कराने के लिए सम्पर्क करें।
इश्तिहार, बिल बुक व लैटर हैड आदि उचित रेट पर छपवाएं
सूचना प्रिन्टर्स O/o दैनिक पाठकपक्ष
नजदीक माडल टाउन मार्केट, हिसार
E-mail : soochnaprinter@gmail.com
98964-72584, 92552-73410




## भाजपा-जजपा गठबंधन टूटा, मनोहरलाल ने अपने सभी विधायकों के साथ सीएम पद से इस्तीफा

# नायाब हाथों में प्रदेश की कमान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 12 मार्च :** लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। आज सुबह भाजपा और जजपा का गठबंधन टूट गया वहीं हरियाणा के सीएम मनोहरलाल ने अपने सभी विधायकों के साथ सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। दोपहर बाद मीटिंग बुलाई गई जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने पर मुहर लग गई। अब हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। वह शाम पांच बजे सीएम पद की शपथ लेंगे। सूत्रों के अनुसार मनोहरलाल अब करनाल लोकसभा सीट से उम्मीदवार होंगे।

बता दें कि नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है। उनके कहने पर ही कुछ वक्त पहले भाजपा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा था। नायब सिंह सैनी सरकार बनाने का दावा करने राजभवन पहुंचे। शाम 5 बजे वो मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सैनी मनोहर लाल के करीबी हैं। 27 अक्टूबर 2023 को ही उन्हें हरियाणा भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। इससे पहले मनोहर लाल ने बीजेपी और जननायक जनता पार्टी का गठबंधन टूटने के बाद मंगलवार सुबह 11.50 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

### जाट विधायक को दिया जा सकता है डिप्टी सीएम पद

हरियाणा की राजनीति में काफी उथल-पुथल के बाद जेजेपी गठबंधन टूट गया। वहीं हरियाणा का नया सीएम नायब सिंह सैनी को बना दिया गया। दुष्यंत के पार्टी से गठबंधन तोड़ने के बाद डिप्टी सीएम का पद भी खाली हो गया है। सूत्रों के अनुसार चर्चाएं हो रही हैं कि डिप्टी सीएम का पद किसी जाट समुदाय के विधायक को दिया जा सकता है।



### भाजपा ने विपल्व देव को बनाया पर्यवेक्षक

विधायक दल की बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ और प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव चंडीगढ़ पहुंचे। पार्टी ने इन्हें पर्यवेक्षक बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने इनका स्वागत किया। बैठक में पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा और तरुण चुघ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी भी उपस्थित थे।

### ओबीसी समुदाय से आते हैं नायब सैनी 2014 में जीतकर पहुंचे थे विधानसभा

नायब सिंह सैनी ओबीसी समुदाय से आते हैं। पिछले साल 2023 में उन्हें बीजेपी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है। सैनी को संगठन में काम करने का लंबा अनुभव है। 1996 में उन्हें हरियाणा बीजेपी के संगठन में जिम्मेदारी दी गई थी। उसके बाद वर्ष 2002 में नायब सैनी अंबाला बीजेपी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बने थे। 2005 में नायब सिंह सैनी भाजपा अंबाला युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने। इसके बाद उन्हें बीजेपी हरियाणा किसान मोर्चा का प्रदेश महामंत्री भी बनाया गया। साल 2012 में नायब सैनी का प्रमोशन हुआ और उन्हें अंबाला का जिला अध्यक्ष बना दिया गया। 2014 के विधानसभा चुनाव में नायब सिंह सैनी को नारायणगढ़ से टिकट दिया गया और वह जीतकर विधानसभा पहुंच गए। नायब सिंह सैनी को मनोहर लाल खट्टर के करीबी होने का भी फायदा मिला। वर्ष 2016 में उन्हें खट्टर के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री बनाया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में नायब सिंह सैनी को कुरुक्षेत्र से टिकट दिया गया और वह सांसद बन गए।

### लोकसभा में सीट न देने को लेकर जजपा से बिगड़ी बात



भाजपा लोकसभा चुनाव में दसों सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारना चाहती है जबकि जेजेपी ने केवल एक या दो सीट की ही डिमांड की थी। इसलिए गठबंधन टूटा। जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सोमवार को दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले थे लेकिन सीट शेयरिंग पर बात नहीं बनी। **वहीं,** जेजेपी ने भी दिल्ली में अपने विधायकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आवास पर चल रही है। हालांकि पार्टी के 10 में से 5 विधायक इस बैठक में नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि ये सभी बीजेपी के शीर्ष नेताओं के संपर्क में हैं।

### नये सीएम नायब सैनी को 11 सितम्बर 2024 से पहले विधायक बनना जरूरी

**लीगल व्यू**

चंडीगढ़। कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नायब सिंह सैनी के हरियाणा का अगला मुख्यमंत्री बनने के विषय पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार ने बताया कि वर्तमान में नायब सैनी हरियाणा विधानसभा के सदस्य हैं विधायक नहीं हैं, इसलिए वह बगैर विधायक बने अधिकतम आगामी 11 सितम्बर 2024 अर्थात 6 महीने तक मुख्यमंत्री के पद पर रह सकते हैं। भारत देश के संविधान के अनुच्छेद 164(4) का हवाला देते हुए हेमंत ने बताया उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि कोई मंत्री (मुख्यमंत्री) जो निरंतर 6 माह की किसी अवधि तक राज्य के विधान-मंडल का सदस्य नहीं है, उस अवधि की समाप्ति पर मंत्री नहीं रहेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए आयाम छू रहा रेलवे : डॉ. आशा खेदड़

### एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत कार्यक्रम में पहुंची जिला अध्यक्ष व अन्य नेता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे विभाग नए आयाम छू रहा है। पिछले 10 वर्ष के शासनकाल में रेलवे ने अनेक तरक्की की है वहीं यात्रियों की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की है।



आशा खेदड़ यहां रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत हर आम और खास के लिए हिसार, हांसी तथा मंडी आदमपुर रेलवे स्टेशनों पर लगी स्टालों के लोकार्पण/समर्पण समारोह को संबोधित कर रही थीं। मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन स्टालों का लोकार्पण/समर्पण किया। हिसार जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 85 हजार करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण किया है वहीं 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग नए आयाम छू रहा है वहीं यात्रियों को अनेक नई-नई रेलगाड़ियां व स्टेशनों पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए रेलवे अधिकारियों को बधाई दी।

निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्र सरकार एवं रेलवे विभाग की ओर से शुरू की गई एक स्टेशन एक उत्पाद योजना सराहनीय पहल है। इससे जहां यात्रियों को अच्छी सुविधा मिलेगी वहीं स्वरोजगार व रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपरोक्त के अलावा जिला महामंत्री अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवाड़ी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष बामल, दिलबाग सिंह सरपंच, ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य सुरेंद्र सिंह सैनी, रंजीव राजपाल, शंकर गोस्वामी, मनोज कुमार, महेंद्र सिंह पानू, सुशील महंच, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।




## द्वारका एक्सप्रेसवे की सौगात से लगे विकास को नए आयाम : कैप्टन भूपेन्द्र

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा को द्वारका एक्सप्रेसवे की सौगात दिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से कार्यक्रम के दौरान मिलकर उनका आभार भी जताया। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे हरियाणा के लिए बहुत बड़ी व बहुप्रतीक्षित योजना थी, जिसे भाजपा सरकार के प्रयासों से सिरे चढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि इस योजना से हरियाणा व साथ लगते राज्यों को बहुत फायदा होगा। प्रदेश सचिव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सड़कों व एक्सप्रेसवे का जाल बिछा है। इससे देश के विकास में चार चांद लगे हैं और केन्द्र सरकार ने देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने एक्सप्रेसवे की सौगात पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। कैप्टन भूपेन्द्र ने बताया कि हरियाणा वाले हिस्से में इस एक्सप्रेसवे की लंबाई 18.9 किलोमीटर तथा दिल्ली वाले क्षेत्र में 10.1 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के निवासियों के लिए सरकार की यह एक बड़ी सौगात है। इस एक्सप्रेसवे के आरंभ होने से न केवल गुरुग्राम बल्कि एनसीआर क्षेत्र में सड़कों के ढांचागत तंत्र को नया विस्तार मिलेगा, जिसका लाभ इस क्षेत्र के नए सेक्टरों में रहने वाले लोगों को भी होगा।



**पहला 8 लेन का एलिवेटेड एक्सप्रेसवे**

लगभग 9000 करोड़ रुपये की लागत से देश का पहला 8 लेन का एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है। जिसमें 9 किलोमीटर लंबाई में सिंगल पिलर पर आठ लेन का 34 मीटर चौड़ा एलिवेटेड रोड भी है जो कि देश में अपनी तरह का पहला एलिवेटेड रोड है। हरियाणा में यह एक्सप्रेसवे पटौदी रोड (एसएच-26) में हरसरू के पास और फर्रुखनगर (एसएच-15 ए) में बसई के पास मिलेगा।



# सम्पादकीय..........

## सरकार ने देश में सीएए को लागू कर आलोचकों को चौंकाया

*लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए को देश भर में लागू करके न केवल अपने आलोचकों को चौंकाया है, बल्कि देश अपने लोगों की नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से अनेक नेता सीएए के लागू होने के संकेत दे रहे थे। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। दरअसल, सीएए एक ऐसा मोर्चा है, जिसे लेकर केंद्र सरकार की आलोचना हो रही थी। सीएए का विरोध करने वाले ज्यादातर लोग शांत थे और अनेक लोग सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे थे। वाकई, संसद में 11 दिसंबर, 2019 को सीएए पारित हो गया था, और कुछ ही घंटों में कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अतः केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है। अब चुनाव में साफ तौर पर सीएए विरोधियों के पास यह मौका होगा कि वे लोगों के बीच अपनी बात रखें। मतलब, आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। देश में ऐसे लोगों की संख्या बहुत है, जो मानते हैं कि भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अतत्र जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। बेशक, राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय वितरण इस देश की 'वसुधैव कुटुंबकम' की संस्कृति का अंग है।*

# कुपात्रों को ज्यादा सीख देना भी हानिकर होता है

**अध्यात्म**

मैं पांडवों को सुई की नोक जितनी भूमि भी नहीं दूंगा। दुर्योधन के इतना कहते ही शांति सभा में सन्नाटा छा गया। भीष्म, विदुर, द्रोण व धृतराष्ट्र समेत सभी के चेहरे मुरझा से गए और शांतिदूत बनकर आए कृष्ण के चेहरे पर वितृष्णा ने अपनी जगह बना ली। फिर भी अपनी वाणी संयत रखते हुए उन्होंने कहा, 'क्यों मां गांधारी को अपने शव पर विलाप करने के लिए आमंत्रण दे रहे हो ज्येष्ठ कौरव/' यह कहकर सृष्टा ने दुर्योधन को चेतावनी देने और अपनी ओर से समझाने के प्रक्रम का अंतिम प्रयास किया था। इसके बाद की कथा विदित ही है कि हठी दुर्योधन नहीं माना और फिर कृष्ण को ही बंदी बना लेने की गलती करने लगा। हमारे सामने भी अक्सर ऐसी परिस्थितियां आती हैं। जीवन का एक बड़ा भाग दूसरों को समझाने में खर्च होता है और नतीजा यह है कि सामने वाला कुछ भी नहीं सीख रहा, क्योंकि उसे सीखना-समझना है ही नहीं। उसे कुछ न सिखा पाने की कोफ्त में हम अपने खून को पानी किए जा रहे हैं। कई दफा हम न मौका देखते हैं और न व्यक्ति, शुरू कर देते हैं समझाना कि भाई तू ऐसा कर, यार वैसा कर ले। सामने वाला मन रखने के लिए हमारी दो बातें सुनने का दिखावा करता है, लेकिन उसके अनुरूप कार्य नहीं करता तो हम मौका खोजने में लग जाते हैं कि कब उससे कह सकें भाई, मैंने तो पहले ही कहा था, तूने ही नहीं सुना। बेहतर होगा कि सिखाने का शौक रखते हैं तो पहले योग्य व्यक्ति की तलाश करें, लेकिन उससे भी पहले हर सीख को खुद पर लागू करें। इससे आप बेवजह की सिरदर्दी से बचेंगे और वाकई किसी का भला कर सकेंगे। एक बात और ध्यान देने वाली है। हृदय परिवर्तन की प्रेरक कहानियां पढ़ें तो पाएंगे कि इनमें एक मर्म छिपा है। वे तमाम किरदार जो बुराई से अच्छाई का प्रतीक बने उन सबमें बदलाव को लेकर एक प्रवृत्ति पहले से थी। जरूरत पड़ी तो केवल उसे दिशा देने की और यह कार्य स्वामी विवेकानंद, बापू, संत राबिया जैसे महापुरुषों ने बखूबी किया। इसी भाव की व्याख्या भगवान बुद्ध के जीवन में घटे एक प्रसंग मिलती है। जेतवन से गुजर रहे तथागत को अचानक भयानक सी आवाज सुनाई दी, 'ठहर जाओ।' तथागत बुद्ध रुके और फिर निर्भय आवाज में पलटकर बोले, 'मैं तो ठहर गया, तू कब ठहरेगा/' डाकू अंगुलिमाल को कभी भी ऐसे प्रतिउत्तर की आशा नहीं थी। वह झाड़ियों से बाहर निकला और तथागत के शांत-सौम्य वचनों का अनुसरण करते हुए संघ तक चला आया। फिर सारा जीवन अहिंसा के प्रसार में लगा दिया। अंगुलिमाल में बदलाव की प्रवृत्ति थी और वह बदल गया। जातक के पन्नों में भी एक रोचक कहानी है। बारिश के मौसम में किसी उपवन में एक बानर डाल पर बैठा भीग रहा था। पास ही बया चिड़िया का घोसला था। बया ने कहा, 'ओ बंदर मामा, इतने लंबे चौड़े हो, पंजे-नाखून हैं तुम्हारे पास, तुम भी घर बनाकर रहो, ऐसे क्यों भीगते हो/' बंदर को इस उपदेश में कुछ भी भला न लगा। अपना घर बनाना तो दूर, उसने खीझ में आकर बया का घोसला भी उजाड़ फेंका। बाबा कबीर ने इसी पर कहा है- सीख तो वाको दीजिए, जाको सीख सुभाय, सीख न दीजै बानरा, जो घर बया को जाए।

# सुण मौल्लड़ की



मोदी और खट्टर रोहतक से मोटरसाइकिल पर गुड़गांव जाया करते थे।

**उस टैम पै खट्टर आगे मोटरसाइकिल चलाया करदा अर ईब मोदी आगे पार्टी चलावै सै।**

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** दिन भाग्यशाली रेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** यात्रा करने से बचें। कोई भी नया काम आरंभ न करें। लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मिथुन :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अचानक धन लाभ होगा। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**कर्क :** महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय लेंगे। भौतिक संसाधनों पर खर्च होने की संभावना। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह :** भाग्योदय की संभावना। पूंजी निवेश से लाभ होगा। सामाजिक जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** अंजान लोगों से उचित दूरी बनाए रखें। धोखा होने की संभावना। मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। जोखिम लेने से बचें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**तुला :** मन में उत्साह बना रहेगा। कारोबार में नए अवसर प्राप्त होंगे। घर की साज-सज्जा पर खर्च संभव है।

**वृश्चिक :** विपरीत परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। मन में दुविधा बनी रहेगी। लड़ाई झगड़ा करने से बचें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**धनु :** परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। ज्ञान में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अपमान होने की संभावना। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कुंभ :** व्यक्तित्व में निखार आएगा। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी।

**मीन :** यात्रा होने की संभावना। आय में वृद्धि होगी। रिश्तेदारों व पड़ोसियों के साथ संबंध मधुर रखें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# पूर्व मंत्री सुभाष गोयल ने दयाल सिंह कॉलोनी में चलाया घर-घर कांग्रेस, हर-घर कॉंग्रेस अभियान

**कहा- राहुल गांधी द्वारा किए गए वायदे केन्द्र व प्रदेश में सरकार बनने पर किए जाएंगे पूरे**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 मार्च :** भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा किए गए सभी वायदे केंद्र व प्रदेश कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पूरे किए जाएंगे। पूर्व मंत्री सुभाष गोयल ने कॉंग्रेस पार्टी के द्वारा चलाया जा रहा घर-घर कॉंग्रेस हर-घर कॉंग्रेस अभियान के दौरान दयाल सिंह कॉलोनी में सभी आमजनों को घर-घर जाकर यह आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी नोकरी भरी जाएंगी और लोगों को पक्की नोकरियां मुहैया करवाई जाएंगी। एक साल के 1 लाख रूपये पर, 25 साल से कम डिपलोमा धारकों या कॉलेज ग्रेजूएट का प्लेसमेंट किया जाएगा। प्रदेश सरकार के शासनकाल में रोजाना पेपर लीक किए जा रहें है, जिसमें करोड़ों युवाओं का भविष्य खराब किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी पेपर लीक मुक्ति से सख्त कानुन बनाएगी। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए सुरक्षा की समान गारंटी दी जाएगी। युवाओं को रोजगार देने के लिए देश व प्रदेश में सक्षम बनाया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि युवा रोशनी देश के सभी जिलों के लिए पांच हजार करोड़ रूपये का स्टार्टअप के लिए फंड 40 साल से कम युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। वहीं किसानों के लिए एमएसपी स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट को भी लागु किया जाएगा, जिसमे किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा। इस मौक़े पर युवा कांग्रेस नेता पवन गोयल, पूर्व सरपंच कमल सिंह, पूर्व ज़िला पार्षद प्रतिनिधि मंदीप, मास्टर सुनहरा सिंह, पूर्व पंच ओमप्रकाश, प्रेम ढाणी राजू, बलवंत जमावड़ी, महिपाल सोरखी, सुरजीत गुज्जर, मोहनी आदि उपस्थित रहे।

# कर्म का मर्म

## तीली क्यों जलाई

जॉन जोसेफ ब्लैकजैक पर्शिंग ने प्रथम विश्वयुद्ध में पश्चिमी मोर्चे पर अमेरिकी अभियान बलों के कमांडर के रूप में कार्य किया था। पर्शिंग एकमात्र ऐसे अधिकारी थे जिन्हें उनके जीवनकाल में सेनाओं के जनरल के रूप में पदोन्नति दी गई। उन दिनों प्रथम विश्वयुद्ध की लड़ाई जोरों पर थी। अधिकारियों से लेकर सैनिक तक बहुत सतर्क थे। जरा सी चूक लाखों लोगों की जान ले सकती थी। एक मोर्चे पर अंधेरे में सैनिक चुपचाप बैठे पर्शिंग के आदेश का इंतजार कर रहे थे। अचानक एक माचिस की तीली जल उठी। तीली जलते देख एक सैनिक बोला, 'किस बेवकूफ ने तीली जला दी/ क्या उसे पता नहीं कि इस समय तीला जलाना कितना खतरनाक है/ तुरंत तीली बुझाओ।' सैनिक की बात पूरी होते-होते तक तीली जलाने वाला शख्स उसके सामने आ चुका था। तीली की रोशनी में उसे देख सैनिक की जबान तालू से चिपक गई। मगर उस व्यक्ति ने सैनिक के कंधे पर हाथ रखा और सहजता से बोले, 'डरने की कोई बात नहीं है। मुझे कुछ जरूरी आदेश देने थे, इसलिए तीली जलाने की जरूरत पड़ी।' इतना कह वे आगे बढ़ गए। वह व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि स्वयं पर्शिंग थे। पर्शिंग तो चले गए, लेकिन वहां मौजूद एक-एक सैनिक उनके व्यवहार से अभिभूत था। सब इस बात से



प्रभावित थे कि पर्शिंग उस साधारण से सैनिक की झिड़की सुन कर भी न केवल सहज रहे, बल्कि उसे अपने व्यवहार की सफाई भी दी। बात धीरे-धीरे फैल गई। युद्ध के बाद एक पत्रकार ने पर्शिंग से इस घटना का जिक्र किया। पर्शिंग उस समय भी उतने ही सहज रहे। उन्होंने कहा, सैनिक के सवाल ने साबित किया कि वह किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करने को तैयार नहीं था। इसलिए मैंने अपनी तरफ से सफाई देकर उसे आश्वस्त किया।' ऐसी सहजता और विनम्रता ही किसी व्यक्तित्व को महान बनाती है।

# श्याम होली महोत्सव में मस्ती में झूमें श्रद्धालू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** न्यू ऋषि नगर में श्री श्याम प्रचार मंडल के तत्वाधान में हुए भव्य श्री श्याम होली महोत्सव में होली के भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु मस्ती में खूब झूमें। नवनिर्मित कम्यूनिटी सेंटर में पहली बार हुए होली महोत्सव में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने फाग उत्सव का भरपूर आनंद उठाया श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन गायक भिवानी से निखिल अग्रवाल, पवन गेरा, अभिनव ऐरन, हांसी से अमित बंसल द्वारा प्रस्तुत भजनों पर बार बार भाव विभोर होते रहे तथा होली के धमाल भजनों पर मस्ती में झूम उठे व जमकर फूलों की होली खेली। महोत्सव में लाला हरिचंद सेवा सदन खाटूश्यामजी के अध्यक्ष दीपक गर्ग व युवा गुर्जर सभा के पूर्व अध्यक्ष राजा गुर्जर विशिष्ट अतिथि रहे। प्रदीप आर्ट ग्रुप की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंच संचालन राजेश गोयल ने किया व दरबार सज्जा साहिल राखा द्वारा की गई। महोत्सव के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया महोत्सव में अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं सहित सत्य पाल अग्रवाल, सुशील सोनी, विजय पाल वर्मा, जितेन्द्र ऐरन, शशांक मित्तल, सुशील मित्तल, कृष्ण रावलवासिया, अंकित सैनी, अनुज ऐरन, सुभाष गुप्ता, अजय बंसल, राजेश शर्मा, नवीन जैन, निखिल जैन, सुमित अग्रवाल का सहयोग रहा।

# खेल हमारे दिनचर्या का मुख्य अंग होना चाहिए : नवीन कौशिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** गांव कुम्भा में आयोजित पांचवीं वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नवीन कौशिक खिलाड़ियों को संबोधित करते आज की व्यस्त जीवन में स्वस्थ शरीर एक महत्वपूर्ण आधार है। नई सोच नई ऊर्जा नए विचारों को जन्म देता है ग्रामीण परिवेश में खेलों की महत्व पहले से भी ज्यादा बढ़ रही है। यह भी एक सुखद है और आज के इस प्रति सफलता के जीवन में जिस तरह से खिलाड़ियों को नए-नए प्लेटफार्म मिल रहे हैं। यह एक बहुत ही अच्छे भविष्य की और संकेत कर रहा है। गांव कुंबा में आयोजित पांचवी वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए और गांव की मैनेजमेंट कमेटी को भी बधाई देता हूं कि आपने सफल खेलों का आयोजन बार-बार किया और खेलों को बढ़ावा देने का कार्य किया खेल प्रतियोगिता में लगभग 50 टीमों ने भाग लिया। इसमें क्रमशः 15000, 7100, 3100, 3100 रुपए का पुरस्कार रखा गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार भालौट, द्वितीय पुरस्कार कुम्भा, तृतीय पुरस्कार गांव मुन्ढाल, चौथा पुरस्कार बढ़सीकरी की टीम ने जीता। सफल आयोजन के लिए सभी कमेटी सदस्यों ग्राम वासियों का धन्यवाद। इस अवसर पर सरपंच योगेश दलाल, पूर्व सरपंच दशरथ दलाल, वीरेंद्र दलाल, पहलवान साहिल, दिलशेर, जगत सिंह, नवीन, राकेश, परवीन, प्रदीप, आशु, योगेश, अनूप, संदीप, अमरजीत अन्य बहुत गणमान्य व्यक्तियो के साथ कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# द ई5 महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया एमजी हेरिटेज ढंढूर हिसार का भ्रमण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 मार्च :** द ई5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी की छात्राओं ने महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा अयोजित एतिहासिक स्थल भ्रमण कार्यक्रम के तहत एमजी हेरिटेज ढंडूर हिसार का भ्रमण किया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामप्रताप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार की जानकारियां सीखने को मिली। इस दौरान छात्राओं ने वहां ऊंट, बैलगाड़ी, घुड़सवारी व ट्रैक्टर की भी सवारी करते हुए हरियाणवी लोकगीत व संस्कृति का ज्ञान प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने लक्ष्मण झूला, कठपुतली नाच, वाटर पार्क और जीपलाइन और वहां की प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाया और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने और खेती के पारंपरिक तौर तरीकों का भी ज्ञान प्राप्त किया। भ्रमण के उपरांत छात्राओं ने कहा कि भविष्य में हमें इस प्रकार के एतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाया जाए ताकि वे अपने देश के इतिहास व स्मृद संस्कृति और स्मृद्ध समझ सके तथा उसको संजोकर रखने का भी प्रयास कर सके।

# 'हेरिटेज वॉक' कार्यक्रम के लिए हांसी पहुंची आशिता अग्रवाल, हांसी किले का किया अन्वेषण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 मार्च :** हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग के निमंत्रण पर 'हेरिटेज वॉक' कार्यक्रम के लिए यहां आई आशिता अग्रवाल के साथ आर्ट ऑफ लिविंग हांसी की टीम ने हांसी का पुरातात्विक महत्व लिए जगहों विशेष तौर पर किले का अन्वेषण किया। हांसी जो एक छोटा लेकिन ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो हड़प्पा काल से निरंतर सभ्यता के प्रमाण के रूप में कार्यरत है। यह शहर एक बार किलेबंद हो गया था, पश्चिम से दिल्ली की ओर होने वाले आक्रमणों के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करता था। ऐसा माना जाता था की दिल्ली पर कूच से पहले हांसी को जीतना जरूरी है। आशिता अग्रवाल के माध्यम से टीम ने यह भी जाना की कैसे अनंगपाल तोमर से लेकर जॉर्ज थॉमस, पृथ्वीराज चौहान, लोधी, खिलजी, तुगलक, मुगल और फिर ब्रिटिश अलग अलग कालखंड में यहां आते रहे। अपनी जरूरत के हिसाब से किले और उसके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से फेरबदल करते रहे। कैसे यहां द्रव्यवती नाम से एक नदी बहती थी और उसके किनारे हांसी बसा था। उन्होंने दिखाया की किले पर आज भी जैन मंदिर होने के साक्ष्य के रूप में स्तंभ मौजूद हैं। उस समय से लेकर आज तक की सभी महत्वपूर्ण घटनाओं, कहानियों और विरासतों के बारे में जानकारी साझा की। टीम में मुख्य रूप से वाय एल टी पी ग्रेजुएट अर्णव गोयल और उनके मित्र पीयूष, राघव सैनी, चिराग, आर्ट ऑफ लिविंग फैकल्टी हरीराम गोयल, संदीप गोयल, श्वेता जैन आदि शामिल रहे। उनकी हेरिटेज वॉक पूरी होने के बाद कार्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया जिसमें आरएसएस से शिव शंकर, वरिष्ठ पत्रकार राजीव बंसल, पवन जिंदल और काफी प्रमुख बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar

Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555

# विकास परियोजनाओं के लिए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया

## हांसी, बवानीखेड़ा, जाटू लोहारी तथा भिवानी में चार बाईपास बनेंगे



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वे विकसित भारत के सपने को अपने मजबूत संकल्प के साथ पूरा कर रहे हैं। प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार भी इसी सोच के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। सोमवार को हरियाणा को मिली विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि एक दिन में ही एक लाख करोड़ की 100 से ज्यादा परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास अपने आप में एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम से हरियाणा प्रदेश को चार बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 4890 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले शामली-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग की नींव- (पैकेज 1, 2 और 3) रखी, जिसकी लम्बाई 43 किलोमीटर रहेगी। वहीं 1330 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भिवानी-हांसी रोड का शिलान्यास भी किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राजमार्ग नंबर 148 बी को अपग्रेड करते हुए इसे फोरलेन बनाया जा रहा है। इसके तहत हांसी, बवानीखेड़ा, जाटू लोहारी तथा भिवानी में चार बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य से राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर हांसी बाईपास जंक्शन में भी सुधार होगा। भिवानी-हांसी के मार्ग पर 7 बड़े पुल, 2 आरओबी व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। यह निर्माण दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिए जाने का अनुमान है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस वर्ष में देश को नई उंचाइयों पर पहुंचाया : सांसद अनिल अग्रवाल

## सबका साथ-सबका विकास के ध्येय के साथ काम कर रहे प्रधानमंत्री




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ-सबका विकास के तहत काम करके देश को विकसित बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के शासनकाल में देश को नई उंचाइयों पर पहुंचाया है। सांसद अनिल अग्रवाल भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष के शासनकाल में प्रधानमंत्री ने अनेक अभूतपूर्व कार्य किए हैं। हम सब सनातनियों की आस्था का प्रतीक राम मंदिर बनवाया, जम्मू से धारा 370 को हटाया और विदेशों में देश का सम्मान बहाल किया। गरीब लोगों को सस्ते आवास उपलब्ध करवाए गए, किसानों को फर्टिलाइजर पर सबसिडी दी जा रही है तथा जन धन खातों के माध्यम से गरीबों व जरूरतमंदों को फायदा मिल रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यों का ही कमाल है कि भारत विश्व की पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है और शीघ्र ही हम तीन नंबर पर होंगे। सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के चलते वे हिसार प्रवास पर आए हैं। जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के साथ वे जहां-जहां भी गए हैं, लोगों में भारी जोश देखा गया। हर क्षेत्र की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को बेताब है। हिसार के सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी भाजपा से कोई नाराजगी नहीं थी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का कोई जनाधार नहीं है, कहीं पर इसके दल एक साथ चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं तो कहीं पर अकेले लड़ने की बात कहकर मन बहला रहे हैं। इससे पहले जिला कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद का स्वागत किया और उन्हें विभिन्न जानकारियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जिला महामंत्री अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, जिला मंत्री स्वामी दर्शन गिरी, एससी मोर्चा के जिला संयोजक राजकुमार इंदौरा, जिला कार्यालय प्रमुख रविंद्र कालीरमन, सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़ व महेंद्र सिंह पानू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण करवाएं और एमएसपी सहित योजनाओं को लाभ उठाएं, उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कि किसानों से अपील



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने किसानों से आह्वान किया है कि वे मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपनी फसलों का जल्द से जल्द पंजीकरण करवाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को इस कार्य में कोई समस्या आती है तो वे पहले कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें और यदि फिर भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वे सीधे उनसे भी संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर द्वारा आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि रबी सीजन 2023-24 के दौरान मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर 1269 शिकायतें आई थी, जिनमें से 1025 का समाधान कर दिया गया है। 176 शिकायतें रिजेक्ट की गई हैं, अभी 68 शिकायतें लंबित हैं। अधिकारियों को हिदायत दी गई हैं कि वे जल्द से जल्द इन शिकायतों का भी निपटारा करें। उन्होंने बताया कि जिले के 276 राजस्व गांवों में से 249 गांवों में क्रॉप वेरिफिकेशन का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार से 257 गांवों में गिरदावरी का कार्य प्रगति पर है।

उपायुक्त ने कृषि एवं किसान कल्याण तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत जारी करते हुए कहा कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को बेवजह कोई परेशानी नहीं हो।

उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रबी फसलों के पंजीकरण के आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसानों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा हाल ही में भारी बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का ब्यौरा भी ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर देने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए।

# दिल्ली में 14 मार्च को होने वाली किसान महापंचायत में हिसार से हजारों किसान जाएंगे : शमशेर सिंह नंबरदार




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** किसान सभा की हिसार तहसील की बैठक तहसील कार्यालय में तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन तहसील सचिव रमेश मिरका ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि 14 मार्च को दिल्ली में होने वाली किसान महापंचायत में हिसार से हजारों किसान भाग लेंगे। अगर किसानों को दिल्ली जाने से रोका गया तो सरकार को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। किसानों को दिल्ली नहीं जाने दिया तो भाजपा नेताओं को गांवों में नहीं आने दिया जाएगा। सरकार ने दिल्ली पर ताकत के बल पर कब्जा किया तो किसान और मजदूर भाजपा नेताओं को गांव में नहीं घुसने देंगे। अगर दिल्ली भाजपा की है तो गांव किसानों व मजदूरों के हैं। बैठक में तहसील सचिव रमेश मिरका ने बताया कि दिल्ली की महापंचायत की तैयारी के लिए किसान सभा तहसील के प्रत्येक गांव में जाएगी। इसके लिए कमेटियों का गठन कर दिया गया है। जिला प्रधान शमशेर सिंह के नेतृत्व में दिनेश सिवाच, मास्टर ओमप्रकाश सैनी, ईश्वर ग्रेवाल, किसान नेत्री कमला देवी, सुरेंद्र मान, कृष्ण गावड़, राजवीर सरपंच, हनुमान जोहर, लक्ष्मण शाहपुर, रतन मात्रश्याम, मास्टर रामकुमार, रामानंद यादव, संजय लाडवा, सज्जन कालीरावण, सतबीर भाकर, बलराज सहरावत आदि अपनी टीमों के साथ गांव-गांव में जाकर किसानों में मजदूरों को महापंचायत का न्यौता देंगे। दिल्ली महापंचायत में ठोस फैसले किए जाएंगे।

# महावीर स्टेडियम में जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूल प्रतियोगिताएं आयोजित









पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** हरियाणा सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित अनेक संदेश को लेकर खेलकूद प्रतियोगिताएं का आयोजन समय-समय पर करवाया जाते है ताकि ग्रामीण महिलाएं गांव के परिधि से बाहर निकल कर अपने आत्मविश्वास को जागृत कर सकें। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिता दलाल ने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महावीर स्टेडियम में जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। 18 से 30 आयु वर्ग में खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 300 मीटर, 400 मीटर रेस तथा 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आलू चम्मच, मटका तथा साइकिल रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से जहां महिलाओं में छिपी प्रतिभा उजागर होने के साथ-साथ उन्हें और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। कार्यक्रम में आए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा प्रतिभागियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता दलाल द्वारा एनीमिया के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से वे अपना एवं बच्चों के खानपान पर ध्यान देकर उन्हें एनीमिया से मुक्त रख सकती हैं। कार्यक्रम में किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि आगे आने वाले समाज की नई पीढ़ी से स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके। उन्होंने बताया कि 100 मीटर रेस प्रतियोगिता में प्रथम मनेश, 300 मीटर रेस में रितिका तथा 400 मीटर रेस में अनिता ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार आलू चम्मच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुमन तथा मटका रेस में प्रथम स्थान आशा ने प्राप्त किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता दलाल ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः 4100 रुपये, द्वितीय 3100 रुपये व तृतीय स्थान के लिए 2100 रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला, सरिता, कृष्णा चहल, मीना नागपाल व सुमन पाहुजा, सुपरवाइजर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी स्टाफ सदस्य ने पूर्ण रूप से अपना सहयोग देकर खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# मजदूर के बच्चे की सीवरेज मेनहॉल में गिरकर हुई थी मौत, राजेश हिन्दुस्तानी के कड़े संघर्ष व प्रयासों से माता-पिता को मिलेगा 15 लाख का मुआवजा



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** जागो मानव बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी द्वारा वर्ष 2018 में रेलवे के खुले सीवरेज मेनहॉल में गिरकर मजदूर टोनी के 13 माह के बच्चे की मौत होने पर उनके परिजनों के हक में आवाज उठाए जाने के मामले में माननीय उच्च न्यायालय ने नगर निगम को बच्चे के माता-पिता को 15 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा दिए जाने के आदेश दिए हैं। राजेश हिन्दुस्तानी ने बताया कि वर्ष 2018 में एक मजदूर टोनी का 13 माह का बच्चा रेलवे के सीवरेज मेनहॉल में गिरकर मौत का शिकार हो गया था। इस मामले में कोई कार्यवाही करने की बजाय रेलवे के अधिकारी व पुलिस माता-पिता को ही प्रताड़ित कर रहे थे और मामला दबाने के लिए उसके क्वार्टर को तुरंत खाली करवाने व उसका सामान उठवाने के लिए आमादा थे ताकि मामला दबाया जा सके। राजेश हिन्दुस्तानी को वर्मा न्यूज एजेंसी की मालिक वीना वर्मा के माध्यम से पता चलते ही उन्हें हक दिलाने के लिए वहीं धरने पर बैठ गए और मई-जून की चिलचिलाती धूप में ही वे मजदूर दंपत्ति के क्वार्टर के सामने ही उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए धरने पर कई दिनों तक बैठे रहे। हिन्दुस्तानी ने बताया कि मजदूर दंपत्ति जो पहले कृष्णा नगर में रहते थे उसका अभी कोई अता-पता नहीं है हालांकि वो पैसे उनके खाते में फिक्स डिपोजिट में जमा होंगे। हिन्दुस्तानी उन्हें ढूंढते फिर रहे हैं कि उनके कड़े सघर्ष के बाद बड़ी सफलता मिली है और हरियाणा भर में खुले मेन हॉल को ढंकने का काम शुरू होने से हादसों में कमी आई है।

# लितानी बॉक्सिंग अकेडमी की तीन खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते तीन मेडल

## अकेडमी कोच अनिल नैन ने विजेताओं व उनके माता-पिता को दी सफलता पर बधाई



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** नशामुक्त हरियाणा अभियान के तहत श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल सिवानी मंडी में हुई हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लितानी बॉक्सिंग अकेडमी की तीन खिलाड़ियों ने मेडल जीते हैं। तीन खिलाड़ियों के मेडल जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है। लितानी बॉक्सिंग अकेडमी के कोच अनिल नैन ने बताया कि सिवानी मंडी में हुई इस प्रतियोगिता में अकेडमी की खिलाड़ी खुशिका, यंशिका व अंजलि ने मेडल जीतकर अकेडमी, गांव व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि खुशिका ने 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल, यंशिका ने 43-46 किलोग्राम में गोल्ड मेडल व अंजलि ने 55-58 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। गांव की तीन खिलाड़ियों द्वारा एक साथ मेडल जीतने से गांव में खुशी का माहौल है। कोच अनिल नैन ने कहा कि छात्राओं में खेल के प्रति रूचि जगाने के लिए उन्हें अकेडमी में नियमित अभ्यास करवाया जा रहा है। छात्राओं की मेहनत की वजह से उन्हें यह सफलता मिली है, जो गर्व करने वाली है। कोच ने इस सफलता पर छात्राओं, उनके माता-पिता व ग्रामीणों को बधाई दी है।

# अखिल भारतीय सेवा संघ की हिसार शाखा की नई कार्यकारिणी गठित

## विनोद गोयल चेयरपर्सन, सुमित मित्तल को अध्यक्ष, संजीव राजपाल को सचिव व सुशील गोयल को कोषाध्यक्ष चुना गया



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** अखिल भारतीय सेवा संघ ने वर्ष 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी गठित की है। इसके साथ ही संगठन ने नए वर्ष में सेवा कार्यों को और मजबूती से चलाने का निर्णय लिया है। अखिल भारतीय सेवा संघ के मीडिया सलाहकार राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस संबंध में कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए कार्यकारिणी चुनी गई। बैठक में हिसार शाखा कार्यकारिणी के 60 में से लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में रामचन्द्र गुप्ता मुख्य आब्जर्वर रहे जबकि प्रदेश अध्यक्ष इन्द्र गोयल मुख्य अतिथि रहे। प्रांतीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी मुख्य रूप से मौजूद रहे। राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए पूर्व अध्यक्ष विनोद गोयल को चेयरपर्सन, सुमित मित्तल को अध्यक्ष, संजीव राजपाल को सचिव व सुशील गोयल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बाकी पदों पर पदाधिकरियों का चयन बाद में कर लिया जाएगा। सबसे बड़ी बात ये रही कि नई टीम ने 150 सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया है। हिसार के सभी गणमान्य व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाएगा। उन्होंने बताय कि अभी तक केवल पांच शाखाओं के चुनाव हुए है, बाकी सभी शाखाएं 31 मार्च के बाद स्थगित ही रहेंगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने चयन के लिए सभी सदस्यों का आभार जताया और कहा कि उनमें जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष इंद्र गोयल, प्रांतीय महासचिव विनोद धवन, प्रांतीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, प्रांतीय मीडिया सलाहकार राजेंद्र सपड़ा, प्रांतीय प्रचार सचिव संदीप भाटिया, संजय सेहरा, मुकेश अरोड़ा, विनोद वर्मा, एडवोकेट दीपक गर्ग, रंजीव राजपाल, जतिन वधवा, राजेंद्र अग्रवाल, अशोक सरदाना, सुरेश बत्रा, धीरज गर्ग, हरिप्रकाश सिंगल, गुलशन कथूरिया, यशपाल अरोड़ा, अनिल मित्तल, राजेश गर्ग, श्यामलाल अरोड़ा, विपुल गोयल, गौरव भाटिया, विकास लाहोरिया, गौरव कटारिया, सुशील मित्तल, विनोद सोनी, सुरेंद्र थेरजा, नरेंद्र ढुल, रजनीश चांदना, मोहित गोयल आदि उपस्थित रहे।

**नए वर्ष में सेवा कार्य और जोर-शोर से चलाएगा अखिल भारतीय सेवा संघ**

# फरवरी मास के दौरान जिले में 18 हजार 45 व्यक्तियों की हुई मलेरिया जांच

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि फरवरी मास के दौरान जिले में 18 हजार 45 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का एक केस सामने आया है। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी इकट्ठा रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

# अश्वगंधा की खेती से स्वास्थ्य लाभ एवं उद्यमिता की अपार संभावनाएं : प्रो. बी.आर. काम्बोज

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** अश्वगंधा प्रकृति का बहुमूल्य उपहार है। शक्तिवर्धक एवं रोग प्रतिरोधी क्षमता जैसे विलक्षण गुणों से भरपूर होने के कारण इसे 'शाही जड़ी बूटी' की संज्ञा भी दी गई है। आधुनिक युग में इस औषधीय पौधे की बढ़ती मांग को देखते हुए वैज्ञानिकों को अश्वगंधा पर अधिक से अधिक शोध कर इसकी नई किस्में इजाद करें। साथ ही किसानों को अश्वगंधा की खेती कर दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में अश्वगंधा अभियान विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। यह कार्यशाला भारत सरकार के आयुष मंत्रालय में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के सौजन्य से विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के औषधीय, संगध एवं क्षमतावान फसल अनुभाग द्वारा आयोजित की गई थी।

मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के.पाहुजा ने बताया कि प्राचीन काल से ही अश्वगंधा पर ऋषि-मुनियों ने शोध किए ताकि भावी पीढ़ी को इस औषधीय पौधे के फायदों से लेकर अन्य गुणों के बारे में पता लग सकें। औषधीय, संगध एवं क्षमतावान फसल अनुभाग के प्रभारी डॉ पवन कुमार ने अश्वगंधा अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं, कार्यक्रमों व क्रियाकलापों पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत पेश की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेश आर्य ने कविता के माध्यम से अश्वगंधा के गुणों का उल्लेख किया। इसके अलावा छात्र सुलेंद्र व छात्रा हिमांशी ने अश्वगंधा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए इसके फायदें व गुणों को सभी से साझा किया। सेवानिवृत प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ओपी नेहरा ने भी अश्वगंधा के गुणों को विस्तार से बताया। मुख्यातिथि ने अश्वगंधा इम्यूनिटी बूस्टर मेडिकल प्लांट व अश्वगंधा की खेती नामक पुस्तकों का विमोचन भी किया। मंच संचालन सहायक वैज्ञानिक डॉ. रवि बैनीवाल ने किया। मुख्यातिथि ने अश्वगंधा अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में विजेता रहे विद्यार्थियों व किसानों को सम्मानित किया।

पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर मुस्कान रही, जबकि रितिक यादव दूसरे व तीसरे स्थान पर दीक्षा रही। कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस में पहले स्थान पर मुस्कान सिंधू, दूसरे स्थान पर गरिमा व तीसरे स्थान पर शशि किरण रही। हकृवि स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में पहले स्थान पर कक्षा छठी की रितिका, दूसरे स्थान पर कक्षा 7वीं की आंचल व तीसरे स्थान पर कक्षा आठवीं की प्रिया रही। विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में प्रथम स्थान पर 11वीं कक्षा की छात्रा कीर्ति, दूसरे स्थान पर आठवीं कक्षा के छात्रा सूर्या व तीसरे स्थान पर कक्षा आठवीं की छात्रा प्रज्ञा रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशी व दूसरा स्थान सुलेन्द्र रहे। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में कैंपस स्कूल के प्रथम स्थान पर ज्योति, दूसरे स्थान पर तनिष्का व तीसरे स्थान पर स्मृति पर रही। कार्यशाला में अश्वगंधा पौध की खेती करने वाले व दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने वाले किसानों को भी मुख्यातिथि ने सम्मानित किया, जिनमें गांव नंगथला निवासी रविंद्र कुमार, गांव भोडिया निवासी धर्मपाल, गांव टोकस निवासी अभिजीत, गांव कोहली निवासी ओमप्रकाश, गांव रावलवास निवासी कृष्ण कुमार व गांव सरसौद निवासी सुंदर शामिल थे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शोधार्थी सहित सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. पीके वर्मा, डॉ. ईश्वर सिंह यादव और काफी संख्या में किसान व विभिन्न स्कूलों व महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। अश्वगंधा अभियान कार्यशाला के दौरान अश्वगंधा की खेती एवं उद्यमिता की अपार संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### अश्वगंधा की उन्नत किस्मों के 2 लाख पौधे किसानों को उपलब्ध करवाएं जाएंगे : कुलपति

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने संबोधित करते हुए कहा कि यूनानी व आयुर्वेद पद्धति में औषधीय पौधों का अति महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने अश्वंगधा की विशेषताएं बताते हुए कहा कि इस जड़ी बूटी का इस्तेमाल एंटीऑक्सीडेंट, चिंतानाशक, याददाश्त बढ़ाने वाला, कैंसर रोधी, सूजन रोधी सहित अन्य बीमारियों से राहत पाने के लिए किया जाता है। साथ ही यौन रोग के इलाज व शरीर को बलवर्धक बनाने में भी अश्वगंधा का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की 65 प्रतिशत आबादी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आयुर्वेद व औषधीय जड़ी-बूटियों का उपयोग करती है। मुख्यातिथि ने देश में अश्वगंधा के उत्पादन की स्थिति को बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में अश्वगंधा की जड़ों का उत्पादन करीब 1123.6 टन है, जबकि आवश्यकता 3222.4 टन है। इसलिए इसमें उद्यमिता की अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि अश्वगंधा की विशेषताओं व बढ़ती मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय ने आयुष विश्वविद्यालय के साथ अनुबंध किया है ताकि विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में अपना करियर संवारने के लिए बेहतर विकल्प मिल सकें। मुख्यातिथि ने कहा कि आगामी सीजन में विश्वविद्यालय द्वारा अश्वगंधा की खेती को बढ़ावा देने के लिए अश्वगंधा की उन्नत किस्मों के 2 लाख पौधे किसानों को उपलब्ध करवाएं जाएंगे। साथ ही वर्तमान समय में पाठ्यक्रम के अंदर अश्वगंधा के गुणों को शामिल करना चाहिए।

### हकृवि में अश्वगंधा अभियान विषय पर कार्यशाला आयोजित




## एफ.सी. कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

### शीतल और गुनगुन की टीम ने प्राप्त किया प्रथम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार के भूगोल विभाग के सौजन्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत तथा विश्व भूगोल से सम्बन्धित विषय पर प्रश्न पूछे गए। इसमे छः टीमों ने भाग लिया जिसमें शीतल और गुनगुन की टीम ने प्रथम, मुकेश और आरती की टीम ने द्वितीय, दीपिका और सुनीता की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और आरती और कंचन की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने बधाई के साथ-साथ नकद पुरस्कार से सम्मानित किया तथा इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बांडाहेड़ी, मंगाली आकलान व बड़ोपल में लगाएगा बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** सामाजिक सरोकारों व स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर निशुल्क बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। 16 मार्च को गांव बांडाहेडी, 17 मार्च को गांव मंगाली आकलान व 21 मार्च को गांव बड़ोपल में विशाल शिविर लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जाएगा।

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र और लाला देवीचंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला के तत्वावधान में 16 मार्च को गांव बांडाहेड़ी में भगत शिरोमणि श्री महावीर जी समाधि स्थल पर प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निशुल्क नेत्र व दंत जांच की जाएगी और दिव्यांगजनों की निशुल्क जांच करके कृत्रिम अंग माप के लिए चयन किया जाएगा। इस दौरान विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।



दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि इसी भांति 17 मार्च को गांव मंगाली आकलान के दादी गोरी मंदिर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आंखों व दांतों की निशुल्क जांच एवं दिव्यांग बंधुओं की जांच करके निशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए माप लिया जाएगा।

इसी कड़ी में गांव बड़ोपल की श्रीकृष्ण गोशाला में 21 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आंखों की निशुल्क जांच के साथ-साथ दिव्यांगजनों की जांच करके निशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए चयन किया जाएगा। सभी शिविरों में ब्लड शुगर जांच भी निशुल्क की जाएगी।

दिव्यांग केंद्र द्वारा आयोजित होने वाले इन तीनों शिविरों में जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी उनका नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा निशुल्क किया जाएगा। इन शिविरों के दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। दिव्यांग केंद्र ने समस्त ग्रामीणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन शिविरों का लाभ उठाएं।

## समाज में फैली कुरीतियां दूर करने के लिए महिलाओं ने संकल्प लिया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** ज्योति सावित्री बाई फुले महिला मंच हिसार द्वारा डॉ. बी.आर. अंबेडकर छात्रावास, हरिदास कॉलोनी में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि मैडम डीआरओ चेतना चौधरी थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में महिलाओं को बराबर की भागीदारी व संपत्ति में भी समान हिस्सेदारी की बात कही। मंच की अध्यक्षता करते हुए कमलेश राय ने समाज में फैली कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज, छुचक, लेन-देन व समाज में फैले नशे के ऊपर रोक लगाने के लिए सभी मेहमानों व उपस्थित जनों से इन कुरीतियों को दूर करने के लिए संकल्प करवाया। महिलाओं व लड़कियों ने नाटक, कविता और फैंसी ड्रेस के साथ-साथ अपने वक्तव्यों द्वारा महिला के उत्थान से संबंधित विचार सांझा किये। विजेता प्रतिभागियों को महिला मंच द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्या बोध, किरण भुक्कल, स्नेह लता निंबल, आशा खींची, उर्मिल, कृष्णा सोढ़ी, गिरदावरी देवी, उषा माण्डा, सरोज, दीपिका व समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है : डॉ. रमेश आर्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे सात दिवसीय कैम्प में स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रमिला शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ आधार हॉस्पिटल से बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी हीना ने बाहर से आए अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी समस्या न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी विद्यार्थियों को प्रभावित करती हैं, क्योंकि किसी स्वास्थ्य समस्या के साथ जीना प्रभावित व्यक्ति के जीवन के दृष्टिकोण को बदल सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मानव शरीर और मन दोनों के बीच गहरा संबंध होता है। जब हमारा शरीर स्वस्थ होता है, तो हमारा मन भी आनंदमय और सकारात्मक रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। डॉ. प्रमिला ने अपने व्याख्यान में बताया की आजकल महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। वे घर व बाहर दोनों में संतुलन बनायें हुए हैं किन्तु ऐसे में वे अपने शरीर का ध्यान रखना भूल जाती है। अपने ऊपर ध्यान न देने, नियमित व्यायाम न करने से उनके शरीर में कई बीमारियाँ अपना स्थान बनाने लगी हैं - पीसीओडी उन्ही बिमारियों में से एक है। इससे बचने के लिए उन्होंने छात्राओं को नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने और फ़ीमेल हाइजीन रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अंत में स्वयंसेवकों से उनकी व्यक्तिगत स्वास्थ्य से हेतु प्रश्न लिए और उनका समाधान हेतु राय दी। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी शाइना ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।



## अनुज गुप्ता व अपूर्व गुप्ता ने बुजुर्गों की सुविधा के लिए सेवार्थ भाव से मोक्ष वद्धाश्रम को भेंट की वैन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** बुजुर्गों की सेवा की मिसाल कायम करने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम को एडवोकेट अनुज गुप्ता व एडवोकेट अपूर्व गुप्ता ने वैन भेंट की है। मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को चिकित्सा के लिए या अन्य किसी क्षेत्र में जाने के लिए कई बार असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए अनुज गुप्ता व अपूर्व गुप्ता ने अपने भाई स्वर्गीय अरुण गुप्ता की स्मृति में मोक्ष वृद्धाश्रम को सेवार्थ भाव से वैन उपलब्ध करवाई है। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु की उपस्थिति में दोनों भाइयों ने वैन की चाबी देकर सेवा भाव का परिचय दिया। माता पंकज संधीर ने वैन पर पवित्र स्वास्तिक चिह्न बनाकर और पूजा करके मंगलकामनाएं की। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्ग व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर माता पंकज संधीर ने कहा कि यह वैन बुजुर्गों के आवागमन के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी।



# अन्तरराष्ट्रीय शिविर में खूबसूरत मूर्ति शिल्पों का किया जा रहा है निर्माण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हिसार के संयुक्त तत्वाधान में अन्तरराष्ट्रीय मूर्तिशिल्प शिविर का आयोजन दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हिसार के प्रांगण 15 आधुनिक विशाल खूबसूरत मूर्ति शिल्पों का निर्माण किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लुप्त होती मूर्तिकला का विकास एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राज्य, अन्य राज्यों एवं विदेशों के मूर्तिकारों के साथ राज्य के युवा मूर्तिकारों को अन्तरराष्ट्रीय पायदान दिलाना है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से राज्य की लुप्त होती मूर्तिकला को एक नया अन्तरराष्ट्रीय पायदान व विकास मिलेगा। हरियाणा राज्य, अन्य राज्य एवं विदेशों से आए वरिष्ठ कलाकारों द्वारा 15 से 25 फुट उंचे विशाल एवं खूबसूरत मूर्ति शिल्पों का निर्माण भैंसलाना के काले संगमरमर की विशाल चट्टानों में किया जा रहा है। हरियाणा राज्य, देश-विदेश से आए होनहार कलाकार बड़ी ही मेहनत एवं लगन के साथ दिन-रात बड़ी-बड़ी चट्टानों में मूर्तिशिल्पों को खूबसूरत एवं मनमोहक बना रहे हैं। हरियाणा के युवा मूर्ति शिल्पकार विशाल ने अथक मेहनत व प्रयास से आशीष के साथ मिलकर लगभग 1 महीने में एक आधुनिक खूबसूरत मूर्ति शिल्प को लाईनमैन के कर्तव्य निष्ठा के साथ ट्रांसफार्मर के रूप में प्रदर्शित किया है। देश के कोने-कोने से आए कलाकार, हरियाणा राज्य के कलाकारों के साथ एवं इटली से आए लिओनार्डो मगनानी के साथ मिलकर संस्कृति व तकनीक का आदान-प्रदान कर रहे हैं।



शिविर में हरियाणा की सुमन ने 16 फुट ऊंची एक ही चट्टान में अद्भुत खूबसूरत मूर्ति शिल्प बनाया है, जिसमें पंचतत्वों की ताकत को 5 स्तम्भों के साथ ऊर्जा के रूप में दर्शाया है। वहीं पश्चिम बंगाल से आए देबाशीष बेरा ने भी 16 फुट ऊंची चट्टान में महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक अत्यंत खूबसूरत मूर्ति शिल्प बनाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के साथ पिता-पुत्री के प्रेम को खूबसूरत तरीके से दर्शाया है। हृदय कौशल ने 25 फुट उंचे कछुए व अंकुरित बीज के कम्पोज़ीशन में ऊर्जा प्रकृति व अंकुरण के साथ संस्कृति का समावेश किया है। नंद किशोर ने अपने विशाल मूर्ति शिल्प में स्त्री व पुरुष दोनों के हाथों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत और विकास को दर्शाया है। कमलजीत ने आंतरिक ऊर्जा एवं विकास को एक विशाल लालटेन के रूप में दर्शाया है। विशाल ने लाईनमैन को उसकी कर्तव्य निष्ठा के साथ प्रदर्शित किया है। आशीष ने अपनी मूर्तिकला में ट्रांसफार्मर की कम्पोज़ीशन को ऊर्जा के साथ जोड़ा है। नालंदा से आए अभिषेक ने अपने मूर्तिशिल्प में हरियाणवी संस्कृति व सौंदर्य को रूप दिया है। उदयपुर से आए राकेश कुमार ने प्रकृति और प्रकाश को संजोया है। उत्तर प्रदेश से आए अनिल ने हरियाणवी संस्कृति का परिचय दिया है। उदयपुर चंबल से आए अमित कुमार ने अद्भुत वास्तुकला ऊर्जा और प्रकाश को एक अन्य मूर्ति शिल्प में संवारा है।

इसी प्रकार हरियाणा के नरेंद्र ने योग ऊर्जा के साथ कम्पोज़ीशन को आयाम दिया है। आईएएस वीएस कुंड (सेवानिवृत्त) ने एक विशाल खूबसूरत मूर्तिशिल्प ऊर्जा की लय को तराशकर अद्भुत मूर्ति शिल्प का निर्माण कर हरियाणवी संस्कृति में होती मूर्तिकला को चार चांद लगाए हैं। इटली से आए लियोनार्डो मैगनानी ने अपने मूर्तिशिल्प में जीवन के संघर्ष ऊर्जा व कामयाबी के दरवाजे को बनाया है। छत्तीसगढ़ से आए प्रोफेसर शिबा प्रसाद ने वृक्ष की पूजा प्रकृति और ऊर्जा के साथ महिला सशक्तिकरण को अपने मूर्तिशिल्प में दर्शाया है। काशीपुर से आए राहुल ने ऊर्जा को संजोकर रखने का संदेश अपने मूर्तिशिल्प में दिया है। इन सभी होनहार 16 युवा कलाकारों ने दिन-रात एक करके प्रांगण में सदियों तक खूबसूरती बिखेरने वाले अदभुत मूर्तिशिल्पों को भैंसलाना के ब्लैक मार्बल की चट्टानों में गढ़ा है। चिरकाल तक स्थाई रहने वाले ये अदभुत खूबसूरत मूर्तिशिल्प भविष्य के लिए अतीत के पत्थर सदियों तक आने वाली पीढियों को राज्य की आधुनिक मूर्तिशिल्प कला का परिचय देते रहेंगे।

यह अन्तरराष्ट्रीय मूर्तिशिल्प शिविर हरियाणा राज्य के उभरते हुए होनहार युवा कलाकारों हेतु प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। शिविर के माध्यम से लुप्त होती मूर्तिकला का पुर्नजीवन व उत्थान होगा। शिविर का उद्देश्य कलाकारों को सुमार्ग एवं अन्तरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना तथा लुप्त होती मूर्तिकला का विकास करना है, जिससे मूर्तिकला का निरंतर हरियाणा राज्य व देश-विदेश में प्रचार-प्रसार होगा साथ ही कलाकारों को रोजगार का भी सुअवसर मिलेगा। यह मूर्ति शिल्प कलाकारों में एक नया उत्साह भरेगा, जो हरियाणा राज्य में मूर्तिकला को एक नई दिशा मिलेगी। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग ऐसे कलाकारों को खोजने में निरंतर प्रयासरत है, जो मूर्तिकला के क्षेत्र में रूचि रखते हैं तथा इसमें करियर बनाना चाहते हैं।

# संजना सातरोड : बरवाला पटल पर उभरता एक सितारा

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च (बिन्दू शर्मा):** बरवाला हलके से विधानसभा क्षेत्र की प्रबल उम्मीदवार संजना सातरोड एक समाजसेवी के रूप में काफी लंबे समय से काम कर रहीं हैं। दूसरों की मदद करने वाली छवि ने उनको बरवाला हलके में लोकप्रियता और मजबूती प्रदान की है।

संजना एक उच्च शिक्षा प्राप्त समाजसेविका हैं। उन्होंने अपनी स्कूल और ग्रेजुएशन दिल्ली से प्राप्त की है और मास्टर डिग्री लंदन से हासिल की है। पढ़ाई के साथ साथ वह खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हमेशा अग्रणी रहती हैं। उनके जागरूक स्वभाव के कारण वह समाज में फैली कुरीतियों पर भी काम कर रहीं हैं। अब तक उन्होंने बिजली, वातावरण, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में काम किया है। वहीं उनकी धार्मिक प्रवृति की बात करें तो वह इस दिशा में भी अनेक कार्य कर रहीं हैं। क्षेत्र के लोगों को धार्मिक यात्राओं के दर्शन करवा रहीं हैं। प्रतिदिन क्षेत्र से बालाजी धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था उनकी तरफ से भेजा



जाता है। इतना ही नहीं उन श्रद्धालुओं के खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था भी संजना सातरोड की तरफ से ही की जाती है।

**उपलब्धियां**

**1. गंदगी प्रभावित 13 एमसीडी वोर्ड में उपचुनाव करवाए :** 2015 में जब संजना अपने पैतृक गांव में गई तो उन्होंने देखा की हर जगह गंदगी है। सड़कें टूटी हुई है, नालियां खुली हैं और पता चला की कोई पार्षद भी नहीं है तो उन्होंने 13 एमसीडी वार्ड में उपचुनाव करवाए।

**2. ईवीएम पर कैंडिडेट की फोटो लगवाई :** 2016 में उन्होंने देखा की ईवीएम पर एक ही नाम के कई लोग थे और चुनाव चिह्न भी मिलते-झुलते थे। संजना ने एमसीडी इलेक्शन में कैंडिडेट की फोटो ईवीएम पर लगवाई जिससे पारदर्शिता हुई।

**3. बिजली बिल में फिक्स्ड चार्ज कम करना :** 2018 में जब दिल्ली सरकार ने घोषणा की कि बिजली के बिल कम कर दिए गए है तब संजना डिजिटल यूपीआई से बिल भरती थीं। उन्होंने देखा कि बिल घटा नहीं बल्कि बढ़ गया है। फिर उन्होंने दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में आरटीआई लगाई तो ये जाना की जो फिक्स्ड चार्ज 20 रुपये किलोवॉट लगता था उसको बढ़ाकर 125 रुपये कर दिया गया था और फिक्स्ड चार्ज कैलकुलेशन में भी कोई स्पष्टता नहीं थी इसका समाधान संजना ने माननीय हाईकोर्ट में जनहित चाचिका लगाकर निकाला और फिक्स्ड चार्ज को कम कराया।

**4. उम्मीदवारों को मतदाता सूची भेजने पर चुनाव आयोग के करोड़ों रुपये बचाना, साथ ही पर्यावरण का भी बचाव :** 2022 में संजना ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी दस्तावेजों को डिजिटल कराने की मांग की और ये बताया कि कैसे भारतीय में होने वाले इलेक्शन के खर्चों में कैसे कटौति होगी। इससे कागजों की खपत कम होगी और पेड़ों की कटाई भी कम होगी जिससे पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

**5. प्रत्याशियों का ब्योरा बूथ के बाहर बोर्ड पर लगाया जाए :** संजना ने मांग रखी थी कि विधायक व सांसद के चुनाव में उम्मीदवार को आमजन अपनी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी देना आवश्यक है। चुनाव के समय उम्मीदवार की तमाम जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। इसके लिए चुनाव क्षेत्र के पोलिंग बूथ के बाहर उम्मीदवार के नाम व फोटो के साथ उसके बारे में ये जानकारी बोर्ड पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित होनी चाहिए।

**शिक्षा**

***स्कूल :*** *दिल्ली पब्लिक स्कूल*
***बीए, एलएलबी :*** *गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली*
***एलएलएम :*** *क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, यूनाईटेड कंगडम।*

# अणुव्रत समिति ने गांव मंगाली में लगाया आंखों का पांचवां विशाल नि:शुल्क जांच शिविर

## आंखें हमारे शरीर का अभिन्न अंग, इनकी देखभाल जरूरी : राजेंद्र अग्रवाल





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** अणुव्रत समिति हिसार द्वारा अणुव्रत अमृत महोत्सव के संपन्नता पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपो मूर्ति मुनिश्री पृथ्वी राज व मुनिश्री देवेन्द्र कुमार के पावन आशीर्वाद से गांव मंगाली आंखों का पांचवां विशाल नि:शुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अजय सोनी चीफ मैनेजर इंडियन ओवरसीज मौजूद रहे व मंच संचालन सतपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम विनोद जैन के अनुव्रत गीत से शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ श्री बालाजी गौशाला के वेदप्रकाश सिंघल ने किया। इस शिविर में गीतांजलि हस्पताल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुला और डॉ. दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में विशाल आंखों का निशुल्क चैकअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आंखों के 265 से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की गई और 50 लोगों को आप्रेशन के लिए चुना गया। 80 मरीजों को चश्मे के नंबर दिए गए। शिविर में आंखों की दवा नि:शुल्क दी गई। अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने शिविर में आए चिकित्सकों व गांव के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत व धन्यवाद किया। शिविर के आयोजन में समाजसेवी प्रधान नरेश सिंघल का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा पूरे देश में अणुव्रत वाहिनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत इस शिविर का आयोजन किया गया है। गांवों में विशेष तौर पर बढ़ती उम्र में बुजुर्गों को आंखों व दिखाई देने संबंधी समस्या बढ़ जाती है। ऐसे बुजुर्गों को ऑप्रेशन के लिए चुना गया है। शिविर में पहुंचे चिकित्सकों को समिति की ओर से अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आगामी 24 मार्च को होने वाले राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली फैस्टिवल अभियान के अंतर्गत तिलक होली मनाने के लिए गांव वासियों को शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, मुकेश गर्ग, जगदीश लाल, नेक मोहम्मद, शुभम शर्मा, मनोज गोस्वामी, सुनीता, विकास शर्मा, शेखर, अनिल जैन, जगदीश गर्ग, राजकुमार सोनी, विनोद जैन, सुधीर सोनी, आकाश सोनी व गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# संगठित होकर ही हम अपने हकों की लड़ाई लड़ सकते हैं : जितेंद्र भारद्वाज

## जिला ब्राह्मण सभा और विप्र फाउंडेशन हिसार ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** जिला ब्राह्मण सभा और विप्र फाउंडेशन हिसार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान राजकुमार भारद्वाज ने की। समारोह को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि समाज मेरे लिए हमेशा सर्वोपरि है। समाज को शिखर पर ले जाने के लिए के लिए समाज का शिक्षित व संगठित होना अति आवश्यक है। संगठित होकर ही हम अपने हकों की लड़ाई लड़ सकते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप वशिष्ट ने फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में चलाए जा रही विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान राजकुमार भारद्वाज ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और सभी से समाज को एक सूत्र में बांधने का आह्वान किया। जिला ब्राह्मण सभा के मीडिया प्रभारी देशबंधु कौशिक ने बताया कि समारोह में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने पर्वतारोही शिवांगी पाठक को 51 हजार रुपए का चैक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला ब्राह्मण धर्मशाला, हिसार को 6 ए.सी. भी भेंट किए। उन्होंने बताया कि समारोह में जिला ब्राह्मण सभा द्वारा 17 मार्च को मनाए जाने वाले होली मिलन समारोह में भाग लेने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि होली मिलन समारोह का आयोजन विप्र समाज में भाईचारे का संदेश देने के लिए किया जा रहा है। समारोह को एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिला प्रधान कुलभूषण शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुमन शर्मा व अनिरुद्ध व्यास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महासचिव राजेंद्र अग्निहोत्री, जगदीश शास्त्री, डा. सत्यनारायण, डा. राजकुमार, सुनीता शर्मा, रविदास शर्मा, सुरेश भारद्वाज, डा. सुनील शर्मा, टेकराम, मनोज कुमार, मास्टर हवा सिंह, सरपंच विष्णुदत्त, बलजीत शास्त्री, हरिओम, अर्जुन वत्स, सिद्धार्थ कौशिक, रवि वत्स, जय कुमार व दयानंद वत्स आदि भी उपस्थित रहे।

## वानप्रस्थ संस्था ने सूर्य नगर एवं शिवनगर कालोनी में 50 नए टी.बी. मरीजों को लिया गोद

# हरियाणा को टी. बी. मुक्त बनाने में वानप्रस्थ संस्था का आभार : डॉ. सपना




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** वानप्रस्थ संस्था ने सूर्यनगर झोपड़ पट्टी एरिया और शिव नगर कालोनी में 50 नए टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार बांटने कें लिए गोद लिया।

डॉ. सपना मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हिसार की अध्यक्षता में हुए एक सादे समारोह में सूर्य नगर स्थित सामुदायिक केंद्र हिसार में 50 टी. बी. मरिजों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार किट्स बाँटे गए। इस अवसर पर डॉ. सपना ने टी.बी. रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री निश्चय-मित्र योजना के अंतर्गत 2025 तक देश को टी. बी. मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि टी.बी. रोगियों को दवाई के साथ अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार की अत्यंत आवश्यकता है। डॉ. सपना ने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब के प्रयासों की सराहना की।

क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डाँग ने बताया कि हमारी संस्था अगस्त -2022 से टी. बी. ग्रस्त मरीजों प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार बाँट रही है और 6-6 मास के तीन चरण पूरे कर लिए हैं। आज डॉ. सपना ने अपने कर-कमलों से चौथे चरण का शुभारंभ किया।

इससे पहले क्लब के वरिष्ठ सदस्य डा. एस. एस. गहलावत, डॉ. पुष्पा खरब, डॉ. इन्दु गहलावत, श्रीमती सुनीता बहल, डॉ. सुरेंद्र बहल, श्री करतार सिंह, श्री आर. डी. गोदारा, श्री प्रेम केडिया, श्रीमती वीना अग्रवाल एवं श्रीमती श्यामा गोसाई ने प्रत्येक टी. बी. रोगी से उनके स्वास्थ्य के बारे जानकारी ली और उन्हें नियमित रूप से दवाई और प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार का महत्व समझाया।

इस प्रोग्राम में हर मरीज़ को छः मास के लिये हर मास दो- डिब्बे प्रोटीन पाउडर, एक किलो गुड़, एक किलो भुने हुए चने,एक किलो चने, एक किलो बेसन, दो पैकेट न्यूट्रेला और हाथ धोने के लिए दो साबुन दिए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में टी. बी. हस्पताल की ओर से डॉ. अरुण कुमार नंदा, डॉ. अक्षय कुमार, श्रीमती बालकेश कालीरामना, श्री जुगल बिसला - बहू उदेशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, श्री ओम प्रकाश एसटीएस, टीबी चैंपियन श्रीमती राजवंत, श्रीमती रंजना और आंगन बाड़ी से अनीता, बँटी, सुनीता, शर्मिला, अंजू, कैलाश एवं मीना ने भाग लिया।

डॉ. डाँग ने डॉ. सपना का इस अवसर पर आकर टी. बी. रोगियों का मनोबल बढ़ाने के लिए धन्यवाद किया।

# सांवरा जब मेरे साथ है तो डरने की क्या बात है....

## बीड़ बबरान धाम में 51वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव का दूसरा दिन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** श्री श्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के दूसरे दिन सायंकाल श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। दिल्ली से आये भजन गायक मोनू माधव, हिसार से तनुश्री, काकुल शर्मा व सुभाष ने श्याम बाबा का गुणगान करके समां बांध दिया। देर रात तक भक्तगण झूमते रहे। गाये गए भजनों में हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है...., सांवरा जब मेरे साथ है तो डरने की क्या बात है....आदि शामिल रहे। धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि आज के संकीर्तन में एचएयू के कुलपति डॉ. बी.आर. कंबोज ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर पूजा-अर्चना की।

# सुधीर पांचाल बडाला चुने गए श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति के प्रधान

## नवनियुक्त पदाधिकारियों ने चयन के लिए जताया सभी सदस्यों का आभार

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 12 मार्च :** श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति, हिसार के चुनाव में सुधीर पांचाल बडाला को अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव अधिकारी प्रो. हितेश एवं पर्यवेक्षक अजीत पांचाल महम व बलजीत खेड़ी की देखरेख में हुए चुनाव में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। नई कार्यकारिणी में सुधीर पांचाल बडाला को प्रधान, राजकुमार ढलवाल, नरेन्द्र पांचाल, श्रीभगवान पांचाल व इन्द्र पांचाल बरवाला को उप प्रधान चुना गया। नवीन कुमार को कोषाध्यक्ष, सुभाष तावड़ा को महासचिव, विजेन्द्र विश्वकर्मा को सचिव, सुरेश पांचाल को सह सचिव, कृष्ण ढलवाल व रामनिवास जेई को सलाहकार तथा रविन्द्र मतलोढ़ा को सदस्य चुना गया। इससे पहले पुरानी कमेटी ने तीन साल का लेखा-जोखा पेश किया, जिसकी सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सराहना करते हुए पास किया। इसके बाद चुनाव अधिकारी की देखरेख में आगामी तीन साल के लिए नई कार्यकारिणी की चुनाव किया गया। नवनियुक्त प्रधान सुधीर पांचाल बडाला एवं अन्य पदाधिकारियों ने अपने चयन के लिए सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ उनका चयन किया गया है, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।








**Name Change**

I, Hans Raj Bansal S/o Mohan Lal R/o H. No. 3, Old Anaj Mandi Road, Opposite Sushila Bhawan Street, Hisar declare that I have changed my name from Hans Raj Bansal to Hansraj for all future purpose.

- Deponent






**बेदखली सूचना**

मैं, लखन पुत्र श्री देवकी पुत्र मुन्नू, निवासी गांव बछोडा, तह. जताये, थाना दिगोड़ा, जिला टीकमगढ़, हाल निवासी श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, नागौरी गेट, हिसार (हरियाणा) सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सचिन सैनी व उसकी धर्मपत्नी सीमा सैनी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, संदीप मिनोचा पुत्र श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री अमरनाथ, निवासी मकान नं. 218/11-ए शांति नगर, हिसार, तह. व जिला हिसार (प्रॉपर्टी आईडी : ID7J76K2) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पिता श्री कृष्ण लाल का देहांत 27.7.2014 को हो चुका है। मेरी दादी श्रीमति शीला देवी पत्नी श्री अमरनाथ का देहांत 22.4.2011 को हो चुका है। यह है कि श्री कृष्ण लाल के वारसान में श्रीमती सरोज बाला विधवा व संदीप मिनोचा पुत्र व प्रियंका नागपाल-मंजरी धमीजा पुत्रियान श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री अमरनाथ हैं। उपरोक्त चार वारसान के इलावा श्री कृष्ण लाल का अन्य कोई कानूनी वारिस न है। अगर कोई वारिस बनकर किसी प्रकार से कोई कलेम या दावा करेगा तो उसकी तमाम मेरी जिम्मेवारी होगी। लिखित सूचना 30 दिन के अंदर नगर निगम कार्यालय हिसार में दे अन्यथा प्रॉपर्टी उक्त वारिसन के नाम कर दी जाएगी।

-शपथकार


डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573


**DAYANAND COLLEGE**
**HISAR**

**VACANCY**

Required Two Clerks on purely temporary basis. The salary will be given on Minimum Wages (D.C. rate). Candidates with Bachelor degree with knowledge of computer. Candidates may submit their application on prescribed proforma (available in the college office) alongwith photocopies of educational documents upto 16.03.2024.

**DR. VIKRAMJIT SINGH**
Principal

Tel. Nos. : 01662-270989, 233136

## हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, हिसार

### निविदा सूचना

राजकीय पशुधन फार्म हिसार के वर्ष 2024-25 (एक वर्ष) के दौरान फार्म के क्षेत्र-एक के गायों के दूध की बिक्री हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। आवेदन फार्म तथा शर्तों की प्रति प्राप्त करने हेतु हरियाणा सरकार की वेबसाईट से डाउनलोड करें:-

वेबसाईट : https://etenders.hry.nic.in

| क्षेत्र का नाम | ठेके पर कवाये जाने वाला कार्य | धरोहर राशि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र-एक, राजकीय पशुधन फार्म, हिसार | गायों के दूध की बिक्री (क्षेत्र-एक, राजकीय पशुधन फार्म, हिसार) | 2,00,000/- | 19.03.2024 |

आदान एवं संवितरण अधिकारी,
हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, हिसार।




*राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश अग्रवाल ने लोकहित मंच, हांसी के सदस्यों से की मुलाकात*

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सामाजिक संस्था के रूप मे कार्य कर रही है : अग्रवाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 मार्च :** सामाजिक संस्थाओं से सम्पर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश अग्रवाल ने लोकहित मंच, हांसी के सदस्यों से मुलाकात की। हांसी आगमन पर लोकहित मंच के सदस्यों द्वारा संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मान स्वरूप पगड़ी एवं शाल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने उनका स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों की जानकारी उनसे सांझा की। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा नियमित तौर पर समाजसेवा के




विभिन्न आयामों दिव्यांग बंधुओं हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण समारोह, रक्तदान शिविर, सामान्य मैडिकल कैंप, पौधारोपण कार्यक्रम, जूता वितरण, कम्बल वितरण, टैलेंट हंट कार्यक्रम सहित अन्य सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे सरकार सामाजिक संस्था के रूप मे कार्य कर रही है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे केंद्र सरकार कार्य कर रही है उससे समाज की अंतिम पंक्ति मे खडे व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोकहित मंच के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लोकहित मंच समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। इसके उपरांत उन्हें लोकहित मंच के सांस्कृतिक सचिव विपिन बाबा द्वारा उनका पेंसिल स्केच उन्हें भेंट किया गया। इस अवसर भारतीय विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग, बांके बिहारी सेवा संघ के महासचिव प्रवीण बंसल, धरती पुत्र खेल एवं सामाजिक समरसता मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक सहित लोकहित मंच के महासचिव मनमोहन तायल, कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, सुनील दुहन, राजकुमार वर्मा, विपिन बाबा, मनोज जैन एडवोकेट, बोना सिंह यादव, प्रवीण सिंगला, तनुज खुराना, नितिन मुंजाल, डॉ ईश्वर बडाला, सुमित बंसल, बलराम शर्मा, दिनेश शर्मा, रिंकू कक्कड़, सोनू खांडे वाले, पंकज चुघ, भूपेंद्र नेगी, सोनू सुधीर, मन्नत वर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

*शहीद निशांत मलिक की याद में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में दौलतपुर की टीम रही प्रथम*

# खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि कड़ी मेहनत करनी चाहिए : प्रेम सिंह मलिक




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 मार्च :** शहीद निशांत मलिक की याद में गांव ढंढेरी में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा सहित अन्य राज्यों से कुल 52 टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, द्वितीय ईनाम 41 हजार रुपए, तीसरा 71 सौ रुपए व चौथा ईनाम 51 सौ रुपए रखा गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दौलतपुर की टीम विजय रही, द्वितीय नंबर पर ढंढेरी की टीम, तीसरे स्थान पर भीरानी राजस्थान व चौथे स्थान पर बलंभा की टीम विजेता रही। फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह मलिक ने शिरकत की। प्रेम सिंह मलिक ने अपनी और से आयोजन कमेटी को 51 हजार रुपए की राशि भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रेम सिंह मलिक ने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि आगे हम खेल के मैदान में उचित स्थान पा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में खिलाड़ियों के लिए लाओ पद पाओ की नीति लागू की गई थी जिसमें प्रदेश के 750 खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम किया था मगर भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही भूपेन्द्र हुड्डा की खेल नीति को बदल कर खिलाड़ियों के साथ धोखा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर एक बार फिर से पूरानी खेल नीति लागू की जाएगी। इस दौरान कमेटी के सदस्य सूरज मलिक, मंदीप, करनेल मलिक, ने मुख्य अतिथि प्रेम सिंह मलिक का कार्यकर्म में पहुंने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं गांव के शील मलिक, संदीप सरपंच, नरेश शर्मा, संदीप मलिक व राजपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता हर बूथ पर अहम भूमिका निभाएंगे : गोल्डी सैनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** भाजपा जिला ओबीसी कार्यालय हिसार में ओबीसी मोर्चा की बैठक मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला महामंत्री देशराज वर्मा, जिला महामंत्री बीरबल स्वामी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र सैनी, नरेश जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष बसंत, जिला सचिव सीताराम जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष अंबिका प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्याम जांगड़ा, जिला सचिव सतीश गिल, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जिला उपाध्यक्ष आशा यादव, जिला आई टी प्रमुख मोनिका जांगड़ा आदि मौजूद रहे। बैठक का मुख्य मुद्दा जिला कार्यकारिणी का विस्तार व मंडल कार्यकारिणयों का गठन करके आगामी लोकसभा चुनाव में कमल के फूल को विजयी बनाना रहा। जिला अधयक्ष गोल्डी सैनी ने कहा कि हर बूथ पर पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता हर बूथ पर अहम भूमिका निभायेगा। जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों की अलग-अलग जिम्मेवारियां लगाई गई।

## उपायुक्त ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

*स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को दी हिदायत*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने लुघ सचिवालय स्थित सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इस विषय पर सभी प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष ध्यान होगा। सभी अधिकारियों को समय-समय पर अपने अधीनस्थ कार्यालयों का भी निरीक्षण कर स्वच्छता का आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समय पर कार्यालय में पहुंचना चाहिए। अहम पहलू यह है कि कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका तुरंत समाधान करने का भी प्रयास करना चाहिए। उपायुक्त ने नगरायुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तलों पर पूरी साफ-सफाई होनी चाहिए तथा सभी शौचालय साफ हों और उनमें पानी की सप्लाई पूरी हो। इस मौके पर एडीसी अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, नगरायुक्त हनी बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस हर वर्ग की पार्टी : पं सुमन शर्मा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 मार्च :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पूर्व चेयरमैन पं सुमन शर्मा ने आज हांसी हल्का के गांव गगन खेड़ी, ढाणी केंदू ,कुंदनापुर, ढाणी पाल, धर्मपुरा, उमरा, चानोत सहित अनेक गांव में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया। अपने जनसंपर्क अभियान में सुमन शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में चारों ओर जंगल राज है, कानून व्यवस्था का दिवाला निकला हुआ है, बेरोजगारी चरम पर है, व्यापारी मंदी की मार झेल रहे हैं, मजदूरों के पास मजदूरी नहीं है, छात्रों को दाखिले और नौकरियों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 वर्ष के कार्यकाल को आज हरियाणा का हर वर्ग याद कर रहा है और कांग्रेस पार्टी ही हर वर्ग की पार्टी है। सुमन शर्मा ने ग्राम वासियों को भाजपा शासन की कूनीतियों और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया और सभी से निवेदन किया कि हम सभी को जात-पात से ऊपर उठकर 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाईचारे की सरकार बनानी है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व पार्षद जयवीर सिहाग, रामनिवास कौशिक, दर्शन ठाकुर, दिलबाग मलिक, राजेश जाखड़, पवन कसाना, पार्षद नितेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

## महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता में पहुंचे दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 मार्च :** भिवानी रोहिल्ला गांव में विगत दिवस महिला कबड्डी प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें 42 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर भिवानी रोहिल्ला, द्वितीय स्थान पाई व तृतीय स्थान कलिंगा की टीम रही। इनाम की राशि प्रथम को 41000, द्वितीय को 31000 व तृतीय को 11000 और बेस्ट रेडर कैचर को एक-एक साइकिल दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन अंबावता के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा लूदास पहुंचे। इस मौके पर बलजीत सिंह सरपंच, राजपाल रूहील, राकेश रूहील, सुरेंद्र गोस्वामी, संजय फौजी, मास्टर सतबीर गढ़वाल, मास्टर वीरेंद्र, अनिल रूहील, अमित, रामवीर ढांडा, रविंदर दहिया, राजपाल नंबरदार व रूहील खाप के प्रधान व भारी संख्या में व्यक्ति मौजूद रहे।

## बड़ा मंदिर में 14 मार्च से प्रारंभ होगा फाल्गुन महोत्सव : महंत राहुल शर्मा




**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 12 मार्च :** हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष मुहर्त निकलवा कर श्री ठाकुर जी के आदेश से 14 मार्च को श्री राधे कृष्णा बड़ा मंदिर, श्री वृंदावन धाम हिसार में 'फाल्गुन मोहत्सव' का दिन निर्धारित किया गया है, जो 17 मार्च रविवार तक चलेगा। मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से यह जानकारी देते हुए महंत राहुल शर्मा ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव की हिसार वासी और देश-विदेश में रहने वाले श्री ठाकुर जी के भगत बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं, इंतजार करें भी क्यों नहीं, मान्यता के अनुसार फाल्गुन मोहत्सव में श्री ठाकुर और किशोरी स्वयं इस मोहत्सव में भगतों के संग रास, धमाल, डांडिया और इत्र और रंगों की बौछारों का आनंद लेते हैं। मेहंदी की रस्म से लेकर सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में श्री ठाकुर जी व राधे रानी स्वयं सभी तैयारियों का जायजा लेते हैं और विभिन्न प्रकार के भोगों का खुद आनंद लेते हैं और भगतों में बटवाते हैं। उन्होंने बताया कि फाल्गुन महोत्सव 14 मार्च को श्री बांकेबिहारी और राधे रानी की मेहंदी की चुंदड़ी लगेंगी और भक्तों की मन्नतों हेतू चुंदड़ी पर हाथों की थाप और मंदिर में मेहंदी की रस्म शुरू होंगी, राधे रानी का श्रृंगार और श्री बांकेबिहारी की बांसुरी भी भक्तजन इस दिन चढ़ाते हैं। शर्मा ने बताया कि 15 मार्च को नगर कीर्तन व रथ यात्रा निकाली जायगी जिसमें सभी भक्त नगर संकीर्तन श्री ठाकुर जी की रथ यात्रा में भाग लेंगे। भक्त ध्वजा/निशान उठाकर यात्रा में भाग लेंगे। श्री ठाकुर जी की रथ यात्रा का रथ भक्तजन अपने हाथों से खींच कर लेकर जाएंगे। यात्रा के रूट के बारे में उन्होंने बताया व 17 मार्च को दोपहर 12 बजे से रात्री 10 बजे तक भजन सत्संग होगा जिस में विख्यात कलाकार व गायक सन्ध्या तोमर फरीदाबाद से मोहन तनेजा हिसार से, अभिमन्यु सोनी हांसी, सुदेश सांवरिया गुरुग्राम, सपना सारवान अयोध्या, शेलेन्द्र, पूजा शर्मा वृंदावन, उत्कर्ष गुप्ता झांसी, ओपी कथूरिया हिसार व तिलक वर्मा हिसार से पहुंच कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा विशाल भण्डारे का आयोजन रहेगा। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से महंत राहुल शर्मा, बलराज शर्मा, हंस राज, दीक्षित बंसल, संजीव कुमार, सज्जन सैनी, विकास,दिनेश सैनी, विजय मित्तल, रजत कंसल, मनु सैनी, धैर्य माधव, राघव, नरेंद्र, योगेश, चन्द्र प्रकाश, प्रवीण, सजंय गर्ग, प्रवीन गुप्ता, इंद्र जीत गोगिया, मोहन तनेजा, दवेंद्र सारस्वत, अनिल बत्रा, विनय दिल्लीवान व धीरज, मनीष, कपिल गोयल, अनिल, सुनील, प्रभु बंसल, राहुल, दीपक, चन्दन सोनी, राजेश, पवन बन्सल, सोनु, श्रीरत्न, मनोज बजाज आदि मौजूद रहे।




### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अश्व प्रजनन स्टड (घोड़ा फार्म) हिसार में दिनांक 28 मार्च 2024 को दिन में 12 बजे एक अनुबंध दिया जायेगा। यह अनुबंध मरे हुऐ घोड़े, घोड़ी, गधा व गधी को उठाने के लिए होगा। मरे हुऐ जानवरों को उठा कर उनकी खाल उतारने सम्बन्धित कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्ति इस अनुबंध को लेने के लिए निविदा सील बन्द लिफाफे में डालकर निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं। निविदा बॉक्स एडजुटेंट व क्वार्टर मास्टर के कार्यालय में रख दिया गया है। यह अनुबंध वित्त वर्ष 2024–2025 के लिए दिया जायेगा। निविदा में बड़ा घोड़ा, घोड़ी, गधा व गधी को उठाने की दर अलग–अलग लिखी हुई होनी चाहिए। निविदा बॉक्स दिनांक 28 मार्च 2024 को प्रातः 1030 बजे बन्द कर दिया जायेगा।

**कमान्डेंट, अश्व प्रजनन स्टड**
**हिसार (हरियाणा) 125004**







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।